ont>

14.03 hrs.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at three minutes

past Fourteen of the Clock.

(Shri Basu Deb Acharia *in the Chair*)

MR. CHAIRMAN : The matters under rule 377 listed for today be treated as laid on the Table of the House.

Title: Need to provide financial package to re-start closed sugar mills in eastern Uttar Pradesh - Laid.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर): सभापति महोदय, पूर्वी उत्तर प्रदेश की जनसंख्या की दृटि से सबसे अधिक घनत्व वाला लेकिन आर्थिक रूप से सबसे पिछड़ा क्षेत्र है। प्र ातिर्वा आने वाली बाढ़ की विभिाका यहां के जीवन को नारकीय बना देती है। इस क्षेत्र का अधिकतर भाग नेपाल तथा बिहार की सीमा से जुड़ा है। आजादी के बाद औद्योगिक दृटि से विकसित करने के लिए एकमात्र उद्योग फर्टिलाइजर की इकाई गोरखपुर में लगाई गई थी। 1990 में वह भी बंद हो गया। वर्तमान में इस क्षेत्र में औद्योगिक विकास की दृटि से केवल चीनी मिलें यहां के विकास का आधार हैं जो बेरोजगार नौजवानों, किसानों, मजदूरों का आधार भी हैं। सभी चीनी मिलें 1920 और 1932 के बीच लगाई गई थीं। समय के साथ-साथ आधुनिकीकरण/विस्तारीकरण न होने के कारण ये मिलें एक-एक कर बंद होती जा रही हैं। यदि ये मिलें बंद हो गई तो निश्चित ही बेरोजगारी की मार पहले से ही झेल रहा यह क्षेत्र भूखा मरने की स्थिति में पहुंच जायेगा और फिर इस क्षेत्र में पहले से अपनी अराजक गतिि वधियों के लिए कुख्यात राट्रविरोधी संगठन यहां के नौजवानों को गुमराह करने में सफल हो जायेंगे। आवश्यकता है कि इस क्षेत्र का औद्योगिक विकास किया जाए। बंद हुई चीनी मिलों के लिए आर्थिक पैकेज की व्यवस्था की जाए, जिससे बेरोजगार नौजवानों, किसानों, मजदूरों को कार्य मिल सके और सीमावर्ती क्षेत्र का अपेक्षित भौतिक विकास भी हो सके।

* Treated as laid on the Table of the House.